राज्यसभा में सत्ता पक्ष ने किया हंगामा

मणिपुर के जवाब में आया राजस्थान

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** राज्यसभा में शुक्रवार का दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के नाम रहा। विपक्ष जहां मणिपुर की स्थिति पर जल्द से जल्द चर्चा करवाने की मांग उठा रहा है, वहीं शुक्रवार को सत्ता पक्ष ने राजस्थान में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। सदन में दोनों पक्षों की ओर से सदस्य नारेबाजी कर रहे थे। मणिपुर पर चर्चा नियम 267 के तहत करवाने की मांग विपक्ष कर रहा था, जबकि सरकार नियम 176 के तहत चर्चा करवाने के लिए तैयार थी।

दोनों पक्षों की ओर से हुई नारेबाजी

पीयूष गोयल ने उठाया राजस्थान मसला : राज्यसभा में सभापति ने शुक्रवार सुबह बताया कि नियम 267 के तहत उन्हें कुल 48 नोटिस मिले हैं। वहीं, सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने राजस्थान में कानून-व्यवस्था की बदहाली की बात कहते हुए चर्चा की मांग की। सदस्यों ने कहा कि राजस्थान में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि राजस्थान की स्थिति को लेकर सभी सदस्य चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार से चिंतित हैं। वहां बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है, लिहाजा इस बारे में सदन में विचार किया जाना चाहिए।

खरगे बोले विधानसभा में उठाएं : विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष 267 के तहत चर्चा की मांग कर रहा है और बीजेपी के सदस्य राजस्थान का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष के सदस्यों से कहा कि आप इस मुद्दे को विधानसभा में उठा सकते हैं।

हंगामे के बाद सदन स्थगित : हंगामे के बीच सभापति ने कहा कि एक बार तो ऐसा मौका आने दो कि सदन में मेरे अलावा कोई ना बोले। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे राज्यसभा की बैठक शुरू हुई तो बीजेपी सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने राजस्थान में कानून व्यवस्था खराब होने का दावा करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग की। विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर मुद्दे को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

मणिपुर पर चर्चा तारीख में अटकी

बीते गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का रुख नरम पड़ा और नियम 167 के तहत चर्चा को लेकर सहमति बनी। लेकिन अब चर्चा कौन से दिन शुरू हो, इस बात पर पेच फंसता दिख रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हम नियम 167 के तहत मणिपुर पर आपस में समझौता करके प्रस्ताव लाएं और इस पर चर्चा शुरू करें। केंद्र सरकार सहमत दिखी लेकिन संकेत दिया कि चर्चा शुक्रवार 11 अगस्त से पहले नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मणिपुर पर यदि आज नहीं तो जल्द से जल्द सोमवार या मंगलवार को चर्चा हो।

चर्चा की मांग पर सरकार ने कहा- भाग रहा विपक्ष

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** लोकसभा में शुक्रवार को भी विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करने और प्रधानमंत्री के सदन में आने की मांग की। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सांसदों ने मणिपुर का मुद्दा उठाने की कोशिश की। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि आज भी मणिपुर में हिंसा हो रही है, यहां हथियार लूटे जा रहे हैं। यह गंभीर स्थिति है। विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर नारेबाजी की।

दूसरी तरफ सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए चर्चा से भागने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मणिपुर पर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन विपक्ष इससे भाग रहा है।

WINTEX TISSUES
Leading Brand In Tissue Products Since 1982
WANTED DEALERS
WANTED AREA WISE DISTRIBUTORS IN DELHI/NCR & OTHER AREAS

USP's:
- 41 Year Old Leading Brand
- Offering Attractive Margins
- Sales Support In Delhi/NCR
- Wide Variety Of Products At Attractive Prices

Our Product Range:
- Face Tissue
- Toilet Rolls
- Paper Serviettes
- Kitchen Roll
- M Fold/C Fold
- Aluminium Foil
- Cling Film
- Baking Paper

For Inquiries :+91 9004393291

Corporate Office Address: E-128, Amar Colony, Main Road, Lajpat Nagar-4, New Delhi-110024
Visit Us: www.wintexpaper.com
Mail Us: wintextissueindia@gmail.com

मणिपुर में महिलाएं क्यों रोक रही हैं कर्नल को?

Poonam.Pandey@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** सोशल मीडिया पर मणिपुर का एक और विडियो वायरल है। जिसमें कुकी समुदाय की दर्जनों महिलाएं इंडियन आर्मी के कर्नल रैंक के एक अधिकारी के पैरों में पड़कर उन्हें रोक रही हैं। ये महिलाएं ऑफिसर के सामने झुककर रो भी रही हैं और फिर असम राइफल्स धन्यवाद के नारे भी लगा रही हैं।

कुकी समुदाय की महिलाएं अधिकारी के पैरों में पड़कर उन्हें रोक रही हैं।

आर्मी और असम राइफल्स सूत्रों से बात कर पता चला कि ये विडियो बुधवार यानी 2 अगस्त को देर रात का है। यह मणिपुर के कंगपोक्पी जिले का है जिसे केपीआई भी कहते हैं। कुकी महिलाएं जिस ऑफिसर को रोक रही हैं वह सेना के कर्नल हैं। 3, 4 और 5 मई को जब मणिपुर में खूनी हिंसा हुई थी तब सेना के इन कर्नल ने सैकड़ों लोगों को अपनी जान पर खेलकर बचाया था।

3 अगस्त को मणिपुर के चुराचांदपुर के जिला अस्पताल में रखे हुए कुकी समुदाय के 35 शवों के सामूहिक दफन करने की योजना थी। मैतेई समुदाय के लोगों ने यह कहकर आपत्ति भी जताई थी कि ये जगह मैतेई लोगों की है। 2 अगस्त की रात को आर्मी के सीनियर अधिकारियों ने तय किया कि कंगपोक्पी से विडियो में दिख रहे कर्नल और कुछ सैनिकों को स्थिति संभालने चुराचांदपुर भेजा जाए। कुकी महिलाओं को इसका पता लगा तो उन्होंने रास्ता ब्लॉक कर दिया और ऑफिसर को घेरकर उन्हें जाने से रोकने की विनती करने लगीं। महिलाओं को डर था कि अगर सेना और असम राइफल्स वहां से चली गईं तो उन्हें फिर कौन बचाएगा। ऑफिसर ने उन महिलाओं को समझाया कि सेना और असम राइफल्स के लोग उनकी सुरक्षा के लिए वहां मौजूद रहेंगे।

सेना पर है भरोसा

मणिपुर में पिछले तीन महीनों में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसा और अविश्वास की जो स्थिति बनी है उसमें राज्य पुलिस भी दो समुदाय में बंटी नजर आ रही है। इसलिए लोग अपनी सुरक्षा के लिए असम राइफल्स और सेना पर भरोसा कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भले ही विडियो कंगपोक्पी जिले का सामने आया है लेकिन दूसरी जगह भी हालात इसी तरह हैं।

इंटर सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन बिल LS में पास

हंगामे से नाराज़ राजनाथ ने पीछे जाकर पेश किया बिल

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** इंटर सर्विसेज ऑर्गनाइजेशंस (कमांड, कंट्रोल और डिसिप्लेन) बिल लोकसभा में पास हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में मणिपुर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच बिल को चर्चा और पारित करने के लिए रखा। इस पर हुई संक्षिप्त चर्चा पर रक्षा मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने ध्वनिमत से बिल को मंजूरी दे दी। इस बिल से इंटर सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन के प्रमुखों को पावर दी गई हैं। बाद में थिएटर कमांड जब बनेगी तब भी इस बिल के नियमों के जरिए ही थिएटर कमांडर्स को भी पावर मिलेगी। सदन में सत्तापक्ष की पहली पंक्ति में बैठने वाले रक्षा मंत्री और सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने आसन के समीप विपक्षी सदस्यों के नारेबाजी करने की वजह से पीछे की सीट में जाकर बिल पेश किया और उस पर हुई चर्चा का जवाब दिया।

अनुशासनहीनता पर जल्द निर्णय

राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना में कभी भी किसी परिस्थिति में अनुशासनहीनता का कोई मामला सामने आने पर जल्द निर्णय लेना आवश्यक हो जाता है। तीनों सेनाओं के कर्मी अपने-अपने संबंधित कानूनों और उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार काम करते हैं। ऐसी स्थिति में इंटर सर्विसेज ऑर्गनाइजेशंस में काम करने वाले कर्मियों के आनुशासनिक मामलों में कमांडर-इन-चीफ सिर्फ अपनी सर्विस के कर्मियों पर अनुशासन और प्रशासनिक अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं, दूसरी सर्विस के कर्मियों पर नहीं।

ऐसे संगठनों में सेवारत कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उनकी मूल सेना इकाइयों में वापस भेजना अपेक्षित होता है। सिंह ने कहा कि इसमें धन और समय व्यय होता है और न्याय मिलने में देरी होती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक ही अपराध के लिए अलग-अलग प्राधिकारों के अलग-अलग निर्णयों से विसंगति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि यह बिल अंतर सेना संगठनों के प्रमुखों को बेहतर अनुशासन और प्रशासनिक अधिकार प्रदान करता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सैन्य सुधारों की दिशा में इस महत्वपूर्ण बिल से कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ने वाला।

क्या है बिल में?

- ■ राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बिल मौजूदा सेना संबंधी कानूनों में किसी भी तरह के बदलाव का प्रस्ताव नहीं करता।
- ■ यह बिल तीनों सेनाओं के एकीकरण और उनके संयुक्त अभियान चलाने की दिशा में बड़ा कदम है।
- ■ इससे भविष्य की चुनौतियों का एकजुट होकर मुकाबला किया जा सकेगा और यह अनुशासन को मजबूत करेगा।

जब धनखड़ ने मांगी 'गुरु दक्षिणा'

■ **विस, नई दिल्ली :** राज्यसभा में हंगामे के बीच कुछ हल्के- फुल्के पल भी देखने को मिले, जब सभापति जगदीप धनखड़ ने दीपेंद्र हुड्डा से से 'गुरु दक्षिणा' मांग ली। सदन की बैठक की शुरुआत में सभापति कुछ सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दे रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य मनोज झा का नाम लिया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। सभापति ने कहा कि हुड्डा अजमेर के मेयो कॉलेज के छात्र रहे हैं और इस नाते उनके पास कांग्रेस नेता का अभिभावक होने का विशेषाधिकार है, क्योंकि वहीं से उन्होंने भी पढ़ाई की है। गुरु दक्षिणा के तौर पर हुड्डा दिन के अंत तक प्रोफेसर झा को अपनी जेब से मेरी ओर से उपहार देंगे और आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार गुप्ता द्वारा इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

TERI SCHOOL OF ADVANCED STUDIES
VASANT KUNJ, NEW DELHI
(Deemed to be University)
Leaders in Sustainability Education and Research
B.B.A. & B.Sc. (With Honours & Research) in Data Science, Economics, Environmental Studies & Integrated M.Sc. Programmes
ADMISSIONS OPEN FOR UG / INTEGRATED PG/PG PROGRAMMES
CUET-UG SCORE ACCEPTED
For details visit: www.terisas.ac.in | Mail: admissions@terisas.ac.in | Call: 011-71800222

Reliance
Industries Limited
Growth is Life

रजिस्टर्ड कार्यालय: ३री मंजिल, मेकर चैम्बर्स ४, २२२, नरीमन पॉइंट, मुंबई ४०० ०२१
दूरभाष: +९१-२२-३५५५ ५००० • फैक्स: +९१-२२-२२०४ २२६८ • ई-मेल: investor.relations@ril.com
CIN: L17110MH1973PLC019786

कंपनी के सदस्यों के लिए सूचना
(अ) छियालीसवीं वार्षिक आम बैठक (आईपीओ-पश्चात)
और (ब) ई-वोटिंग पर सूचना

कंपनी के सदस्यों की छियालीसवीं वार्षिक आम बैठक (आईपीओ-पश्चात) ("एजीएम") वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से **सोमवार, २८ अगस्त, २०२३ को भारतीय समयानुसार दोपहर २:०० बजे** कंपनी अधिनियम, २०१३ के सभी लागू प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, २०१५ के अनुपालन में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी मामले पर सभी लागू परिपत्रों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के साथ पठित, एजीएम बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को लेन-देन करने के लिए आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष २०२२-२३ के लिए स्टैंडअलोन और समेकित लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और इसके साथ संलग्न करने के लिए आवश्यक अन्य दस्तावेजों के साथ, इलेक्ट्रॉनिक रूप से कंपनी के सदस्यों को भेजा जाएगा, जिनका ई-मेल पता कंपनी/केफिनटेक/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स)/डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत है। एजीएम की सूचना और उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.ril.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट, यानी बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com और कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ("केफिनटेक") की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध होगी।

ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका:

(अ) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने कंपनी में अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे विधिवत भरा और हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर-१ (कंपनी की वेबसाइट www.ril.com पर उपलब्ध) के साथ आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित केफिनटेक को सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट ३१-३२, गाचीबावली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रामगुडा, हैदराबाद ५०० ०३२ में जमा कर अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करें।

(ब) डीमैटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी सहभागियों से अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स) में पंजीकृत/अद्यतन करें जहां वे अपने डीमैट खाते रखते हैं।

ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका:

सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("ई-वोटिंग") के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय पर अपना वोट डाल सकते हैं। एजीएम की सूचना में मतदान का तरीका, जिसमें डीमैटेरियलाइज्ड मोड, भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों द्वारा और अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं करने वाले सदस्यों द्वारा दूरस्थ रूप से ("रिमोट ई-वोटिंग") मतदान शामिल है, एजीएम की सूचना में प्रदान किया गया है। एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट(स) नहीं डाला है, वे एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक रूप से ("इंस्टा पोल") वोट कर सकेंगे।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होना:

सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से, जियोमीट से, https://jiomeet.jio.com/rilagm पर एजीएम में भाग ले सकेंगे। एजीएम की सूचना में उपयोग किए जाने वाले लॉगिन क्रेडेंशियल और एजीएम में भाग लेने के लिए अपनाए जाने वाले चरणों के बारे में जानकारी दी गई है।

लाभांश और उसके भुगतान की अभिलेख तिथि

(अ) कंपनी ने ३१ मार्च, २०२३ को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसित लाभांश के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने के लिए **सोमवार, २१ अगस्त, २०२३ को 'अभिलेख तिथि'** के रूप में निर्धारित किया है।

(ब) लाभांश का भुगतान उन सदस्यों को जिनके नाम रिकॉर्ड तिथि को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में दिखाई देते हैं, और डीमैटेरियलाइज्ड मोड में रखे गए शेयरों के संबंध में उन सदस्यों को जिनके नाम नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा अभिलेख तिथि को लाभकारी मालिकों के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं उन्हें एजीएम के समापन से एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा।

(क) लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को किया जाएगा जिन्होंने कंपनी में अपने बैंक खाते का विवरण पंजीकृत किया है। लाभांश वारंट उन सदस्यों के पंजीकृत पते पर भेजे जाएंगे जिन्होंने अपने बैंक खाते का विवरण पंजीकृत नहीं किया है।

लाभांश प्राप्त करने के लिए अधिदेश दर्ज करने का तरीका:

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना पूरा बैंक विवरण पंजीकृत/अद्यतन करें:

(अ) अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ जिनके साथ वे अपने डीमैट खाता रखते हैं, यदि शेयर डीमैटेरियलाइज्ड मोड में रखे जाते हैं, तो फॉर्म और दस्तावेज जमा करके, जैसा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स) द्वारा आवश्यक हो सकता है; और

(ब) केफिनटेक के साथ विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर -१ जमा कर आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ इसके पूर्वोक्त पते पर, यदि शेयर भौतिक मोड में रखे गए हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना और विशेष रूप से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका ध्यान से पढ़ें।

निदेशक मंडल के आदेश से
हस्ताक्षर/-
सावित्री पारेख
कंपनी सचिव और
अनुपालन अधिकारी

स्थान : मुंबई
दिनांक : ५ अगस्त, २०२३

www.ril.com

vijay sales
Shop On www.vijaysales.com

Prices so low, you cannot resist.
Vijay Sales Apple Days
4th August 2023 Onwards

iPhone 14
VSP ₹69,900/-
Cashback ₹4,000
Trade in Value ₹20,000*
Trade in Bonus ₹8,000*
Effective Price ₹41,900*/-
Per Month EMI ₹1,746/-
Per Day EMI ₹58*

iPhone 14 Plus
VSP ₹79,949/-
Cashback ₹4,000
Trade in Value ₹20,000*
Trade in Bonus ₹8,000*
Effective Price ₹51,949*/-
Per Month EMI ₹2,165/-
Per Day EMI ₹72*

AirPods Pro 2nd Gen
VSP ₹24,990/-
Cashback ₹2,000
Effective Price ₹24,990*/-
Per Month EMI ₹1,041/-
Per Day EMI ₹35*

iPhone 13 + AirPods Pro
COMBO EMI ₹2395/-*
PER DAY EMI ₹80/-*
iPhone 13 + AirPods Pro
Offer Includes Trade-in + Trade-in Bonus

MacBook Air M1
8GB | 256GB
VSP ₹80,900/-
Cashback ₹5,000
Trade in Value ₹15,000*
Trade in Bonus ₹10,000*
Effective Price ₹55,900*/-
Per Month EMI ₹2,329/-
Per Day EMI ₹78*

iPad 9th Gen
VSP ₹27,990/-
Cashback ₹2,000
Effective Price ₹25,990*/-
Per Month EMI ₹1,166/-
Per Day EMI ₹39*

Watch Series 8 41mm GPS
VSP ₹42,490/-
Cashback ₹2,000
Trade in Value ₹3,000*
Trade in Bonus ₹2,000*
Effective Price ₹37,490*/-
Per Month EMI ₹3,124/-
Per Day EMI ₹104*

HDFC BANK No Cost EMI Upto ₹5,000 Cashback on HDFC Bank Cards and Easy EMI* + Exchange bonus upto 10,000* *Offer available at stores only

We accept EMI cards

Introducing Galaxy Z Fold5 | Z Flip5
SAMSUNG
Pre-book now and get

NOTHING phone (2) Now Available
NEW ARRIVAL
From ₹49,499/- Come to the bright side

vivo Y27
6GB | 128GB
VSP ₹14,999/-
Cashback Upto1000/- on ONECARD, KOTAK, IDFC, YES, BOB, INDUSIND
EMI ₹4,999/- Per Month
Per Day EMI ₹166*

oppo NEW ARRIVAL
RENO 10 5G
8GB | 256GB
VSP ₹32,999/-
10% UPTO 3000/- ON SBI, KOTAK, ONECARD, IDFC, AU, BOB, FEDERAL CC
EMI ₹5,499/- Per Month
Per Day EMI ₹183*

HP
PAVILION, VICTUS, SPECTRE, OMEN & ENVY
STARTING FROM ₹29,990*/-
- 5% Cashback (Min Transaction ₹60,000) on HP Pavilion 14/15 & Victus series
- 10%. Cashback(Min Transaction ₹80,000) on HP spectre, Omen & Envy series
- Upto ₹10,000 Exchange Bonus on Select HP Laptops (Max Cashback ₹10,000)

Per Day EMI ₹86*

ASUS
ROG, STRIX, TUFF GAMING, ZEPHYRUS DUO
- Get keyboard and Mouse set @ ₹999*
- ROG strix impact iii Mouse @ ₹2999*
- Marshmallow Mouse @ ₹1*

Per Day EMI ₹163*

GET
LAPTOP SLEEVE | WIRELESS BT HEADPHONE | WIRELESS MOUSE | 32 GB PEN DRIVE
Worth ₹5,000/-
On purchase of select Laptop

Smart watches Starting From ₹1,199/-

PS5
MONSOON OFFER
₹ 7500/-* OFF
PlayStation 5
~~₹54,990/-~~
₹47490/-
PLAY LIKE NEVER BEFORE
PLAY HAS NO LIMITS.

Up To ₹7,500/- Instant Discount, Cashback on Banks & Paper Finance
HDFC BANK | HSBC | YES BANK | one card | bob Debit

Scan to Shop Online
www.vijaysales.com

VIJAY SALES (INDIA) PVT. LTD.
DELHI GURUGRAM NOIDA INDIRAPURAM FARIDABAD GHAZIABAD MUMBAI PUNE AHMEDABAD VADODARA SURAT HYDERABAD WARANGAL ANDHRA PRADESH

DELHI - Model Town III | Pitampura | Rohini (E) | Paschim Vihar | Uttam Nagar (E) | Dwarka | Rajapuri | Janakpuri | Rajouri Garden | Patel Nagar | Karol Bagh | Lajpat Nagar II | Kalkaji | Saket J-Block | Vikas Marg | Shahdara | Daryaganj | Indirapuram | Ghaziabad | Noida | Greater Noida | Gurugram | Old Gurugram | Faridabad
Now Open - Hauz Khas | Narela | Dundahera | Najafgarh | Nangloi

SCAN FOR STORES

*Conditions apply. This offer includes all other discounts also. No other offer can be clubbed with this offer. Images shown are for illustrative purpose only. Offer till stocks last. Finance offer applicable at the sole discretion of financier. #Processing Fee is applicable as per Financier. For Paper Finance, Please bring Aadhaar Card, Pan Card, Electric Bill & Cancelled Cheque. Offer is based on minimum transaction slabs defined by Finance company. Kindly speak to our store sales staff for the "Terms and Conditions" of all the bank offers, and for the respective Instant Discount/Cashback amounts applicable on each Bank. For corporate bookings or bulk orders, please mail us at corporatesales@vijaysales.com.